हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 13 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 15.4 डिग्री

14 बढ़ती पेशेवर प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों में भावनात्मक ..



14 ज्योतिबा फुले के जयंती समारोह पर स्कूली छात्रों ..



## भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में पेश की सर्व समाज के भाईचारे और आपसी सद्भाव की मिसाल


# मर्यादा में रहकर समाज का नाम रोशन करे युवा पीढ़ी : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में रविवार को सर्व समाज भाईचारा की ओर से आयोजित भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में सर्व समाज के भाईचारे और आपसी सद्भाव की मिसाल पेश की गई। समारोह में सर्व समाज के प्रबुद्धजनों ने शामिल होकर और हाथ खड़े कर कहा कि सिंधु परिवार ने हमारा मान सम्मान रखा है, इसलिए सभी इस परिवार के साथ है और जहां भी जरूरत होगी सभी साथ खड़े होंगे।

समारोह में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज नई पीढ़ी मर्यादा में रहकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करे। समारोह की अध्यक्षता जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने की। समारोह में मंच से वक्ताओं ने कहा कि जाट आंदोलन के दौरान कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार ने बहुत बड़ा नुकसान झेला।

सभी वक्ताओं ने समारोह में मौजूद प्रबुद्धजनों से मिलजुलकर भाईचारा कायम रखने का आह्वान किया। हर्ष देव ने समारोह में मौजूद प्रबुद्धजनों का गीत गाकर उत्साहवर्धन किया।



कुरुक्षेत्र। सर छोटू राम की प्रतिमा पर माला अपर्ण करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

समारोह को सफल बनाने में अभिमन्यु वीरू कड़ामी, मोहित पाई, हर्ष, आर्यन सोलखे व अनुज का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डा. हवा सिंह, रणजीत, कृष्ण श्योकंद, हरकेश लाल, गुरदयाल सिंह कडामी, रविंद्र सांगवान ठोल, तुषार ढांडा, राजेश ढांडा, गुरमेज संघौर, महिपाल, पूर्व सरपंच जसमेर पुनिया, ढांडा खाप के उप प्रधान सुनील आर्य, ऋषिपाल सहारण, पूर्व सरपंच वीरेंद्र, सरपंच जसवंत बुरा, सरपंच नरेंद्र बिडान, रमेश, सीताराम ढुल, सतबीर कालारमना, सरपंच मुकेश चहल, सतबीर मंगौली, मास्टर वेद प्रकाश, रमेश सिहमार सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### युवा नशे और गलत संगत से बचे: पूर्व वित्त मंत्री

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज नई पीढ़ी भ्रमित है। उसको सही दिशा दिखाए जाने की जरुरत है। युवा पीढी से आह्वान किया कि नशे से बचे, गलत संगत से बचे। मर्यादा में रहकर अपने परिवार का नाम रोशन करे, अपने समाज का नाम रोशन करे। नई पीढी अपना भविष्य सुधार कर समाज में अपना अमूल्य योगदान दे। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आगजनी से हरियाणा प्रदेश का भाईचारा तार-तार हुआ था। ये एक गहरा राजनीतिक षड्यंत्र था। इसकी परते धीरे-धीरे खुल रही है। सच एक दिन सामने आएगा। सच परेशान हो सकता है सच को छिपाया नही जा सकता। सच की विजय जरुर होती है।

### काबिलियत के दम पर देश का नाम ऊंचा कर रहे युवा

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज काबिलियत के दम पर हमारे युवा दुनिया में देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। विदेशों में भी हमारे देश के युवा बड़े-बड़े पदों पर आसीन है। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा देने के लिए नई पीढ़ी को समझना होगा। कैप्टन अभिमन्यु ने एक शायर की पंक्ति सुनाकर नौजवानों में जोश भरते हुए कहा कि 'अभी तो बहुत मुकाम बाकी है, अभी तो नापी है कुछ गज जमीन हमने अभी तो पूरा आसमान बाकी है।' कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि हरियाणा के युवा देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी में अच्छी रैंक लेकर देश के भविष्य के नीति निर्धारक बनने का काम कर रहे हैं।

### भाईचारे को मजबूत किया



कुरुक्षेत्र न्याय की धरती है। जहां पर महाभारत हुआ। जहां अधर्म को हराकर धर्म ने विजय प्राप्त की। जहां पर न्याय की एक मिसाल कायम की। आज के इस समय में अगर किसी को मानते है वो कैप्टन अभिमन्यु को मानते है। इन्होंने त्याग की भावना दिखाते हुए भाईचारे को मजबूत करने काम किया है। मैं सिंधु परिवार के आभारी हूं। -तुषार ढांडा।

### परिवार सामाजिक कार्यों में सक्रिय



कैप्टन अभिमन्यु व उनका परिवार सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देता रहता है। ये परिवार सभी का आदर करता है। मैं कैप्टन अभिमन्यु के साथ बहुत लंबे समय से जुड़ा हुआ हूं। कैप्टन अभिमन्यु ने सर्व खाप महापंचायत में कहा था कि वे समाज के उपर फैसला छोड़ते हैं। जो फैसला करेगा वह उन्हें व उनके परिवार को मान्य होगा। -रविंद्र सांगवान।

### माफी देकर दिया बड़ा संदेश



जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि आगजनी के दौरान सिंधु परिवार को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। आंदोलन से मिला कुछ नहीं लेकिन खो बहुत कुछ दिया। कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार ने खाप पंचायतों व अन्य संगठनों के कहने पर भाईचारा कायम रखने के लिए जो फैसला लिया वह उनकी सोच व व्यक्तित्व को दर्शाता है। इतना बड़ा नुकसान के बाद भी परिवार ने समाज के लिए जो बड़ा फैसला लिया है। -डॉ. कृष्ण श्योकंद।

### सिंधु परिवार ने बड़ा दिल दिखाया



कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार ने आगजनी के मामले में भाईचारे की मिसाल पेश की है। परिवार ने बड़ा दिल दिखाया। सभी खाप पंचायतों का मान सम्मान रखा है। सभी संगठित रहो, एक रहो, सभी मिलजुलकर भाईचारा बनाए रखे। -गुदयाल कड़ामी।

### माफ करने वाला सदैव होता है बड़ा



कैप्टन अभिमन्यु का परिवार सामाजिक कार्यों में किए गए योगदान का एक उदाहरण है। आगजनी के दौरान जो नुकसान हुआ उसके बाद भी सिंधु परिवार ने अपना बड़ा दिल दिखाया है। इसके लिए वे कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार का आभार जताते है। कहा कि माफी मांगने वाला और माफ करने वाला सदैव बड़ा होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि समाज में फैली बुराइयों से दूर रहकर आगे बढ़े। -दयानंद देशवाल

**खबर संक्षेप**

### वैसाखी महोत्सव आज से दंगल के होंगे 200 मुकाबले

**कुरुक्षेत्र।** डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि वैसाखी महोत्सव 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में 13 व 14 अप्रैल को बैसाखी कुश्ती दंगल का आयोजन केडीबी मेला क्षेत्र में करवाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री हरियाणा, सांसदगण व विधायकगण शिरकत करेंगे। इस दंगल में हरियाणा राज्य के समस्त जिलों से महिला व पुरुष पहलवानों द्वारा भाग लिया जाएगा। दंगल में लगभग 200 मुकाबले आयोजित होंगे। केसरी प्रतियोगिता में प्रथम को 51 हजार और द्वितीय को 31 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में 86 किलोग्राम भार वर्ग से ज्यादा और महिलाओं में 65 किलोग्राम से ज्यादा भार वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी।

### जिला कारागार में वृद्ध बंदियों के लिए कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्याय और सम्मान-महिला बंदियों एवं वृद्ध बंदियों के लिए एक अभियान के अंतर्गत जिला कारागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंदियों को जमानत प्रक्रिया, अपील दायर करने की प्रक्रिया बताया।

## 12.35 करोड़ से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा प्रोजेक्ट

# पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनेगा, बढ़ेगा पर्यटन

- ओपी जिंदल पार्क से फतेहपुर पुल तक विकसित होगा आकर्षक रिवर फ्रंट
- घाट निर्माण व हरियाली से स्वच्छता, पर्यटन और पर्यावरण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर के तट पर स्थित पश्चिमी यमुना नहर किनारे दिव्य नगर योजना के तहत बाड़ी माजरा पुल से पुराना सहारनपुर रोड के फतेहपुर पुल तक रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। इस रिवर फ्रंट पर 12.35 करोड़ की लागत आएगी। इसके अलावा छठ पूजा के लिए सिंचाई विभाग द्वारा पश्चिमी यमुना नहर किनारे तीन पक्के घाट बनाने का कार्य किया जा रहा है। दोनों प्रोजेक्ट को लेकर सिंचाई विभाग के एसई प्रवीण कुमार, एक्सईएन विजय गर्ग, नगर निगम एक्सईएन विकास धीमान, सहायक अभियंता मृणाल जायसवाल व मेयर सुमन बहमनी समेत अन्य अधिकारियों ने पश्चिमी यमुना नहर के किनारों का निरीक्षण किया।



यमुनानगर। पश्चिमी यमुना नहर के किनारे रिवर फ्रंट क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारी व मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

### शहर को नया रूप मिलेगा

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट के तहत पश्चिमी यमुना नहर किनारे ओपी जिंदल पार्क से आजाद नगर, चिट्टा मंदिर से पटरी पर यह रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। इसमें लगभग 600 मिली मीटर चौड़ा लैंडस्केप एरिया, 2000 मिमी चौड़ा फुटपाथ, निकासी के लिए नाली, 1050 मिमी ऊंची पत्थर की दीवार पर 1200 मिमी ऊंची बाड़ लगाने वाली जाली लगेगी। चौड़ी सड़क व फुटपाथ के साथ फेंसिंग, उद्यान, बैठने के लिए सुंदर व आकर्षक डिजाइन के बैंच, फैंसी लाइटिंग, हरियाली व अन्य व्यवस्था की जाएगी। नहर किनारे रिवर फ्रंट विकसित होने से शहर को एक नया रूप मिलेगा। लोगों को नहर किनारे आनंद लेने का मौका मिलेगा।

### जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा

यह शहरवासियों और पर्यटकों के लिए मनोरंजन और आनंद का भी साधन होगा। नहर के आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा और सुंदर बनाया जाएगा। मेयर ने बताया कि रिवर फ्रंट के लिए निर्धारित जगह के आसपास आजाद नगरए चिट्टा मंदिर रोड, शांति कॉलोनी समेत विभिन्न रिहायशी कॉलोनियों है। जहां घनी आबादी है। रिवर फ्रंट बनने से नहर किनारे कचरा जमा नहीं होगा। इसके अलावा नालियों व नालों का गंदा पानी सीधा नहर में नहीं जा पाएगा। इससे प्रदूषण कम करने की प्रक्रियाओं के माध्यम से नहर के पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा। बरसाती जल प्रबंधन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# नकली सोना बेचकर ठगने के आरोपी पिता-बेटी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में नकली सोना बेचकर ज्वेलर्स को ठगने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए पिता-बेटी की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती अपने पिता के साथ मिलकर नकली सोने से बनी ज्वेलरी विभिन्न ज्वेलरी शोरूम में बेचती थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने शहर के कई नामी शोरूम को निशाना बनाया। करीब 15 दिन पहले ओपीएस ज्वेलर्स सहित अन्य दुकानों पर नकली सोना बेचा गया। शुरुआत में किसी को शक नहीं हुआ, लेकिन बाद में जांच में सोना नकली निकला। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें एक युवती और उसके साथी ज्वेलरी बेचते नजर आए।

### 10 लाख का नकली सोना बेचा

पुलिस जांच में सामने आया है कि दिल्ली निवासी खुशी नाम की युवती ने अपने गैंग के साथ मिलकर ओपीएस ज्वेलर्स में ही करीब 10 लाख रुपये का नकली सोना बेचा।

### परिवार बनकर करते थे ठगी

सूत्रों के अनुसार आरोपी कभी भाई-बहन तो कभी पति-पत्नी बनकर ज्वेलर्स को झांसे में लेते थे, जिससे किसी को शक न हो। नकली सोना देखने में बिल्कुल असली लगता था।

### पानीपत में महिला मजदूरों में मारपीट



**पानीपत।** पानीपत के विराट नगर में बने लेबर क्वाटर्स में निवास कर रही मजदूर महिलाओं के बीच कपडे उठाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट में महिलाओं के बच्चे भी शामिल हो गए। दूसरी ओर, थाना मॉडल टाउन के थानेदार जगमहेंद्र ने बताया कि मारपीट के मामले में राज रजनी व इसकी बेटी की ओर से शिकायत मिली थी। इधर, शिकायतकर्ताओं ने दूसरे पक्ष से समझौता होने की बात कह कर शिकायत वापस ले ली।

### यमुनानगर: नशा तस्कर पर बड़ी कार्रवाई, हेरोइन सहित गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए वन पुलिस टीम ने पांजूपुर नहर पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। सीआईए वन पुलिस टीम के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि नहर पुल के पास एक युवक नशीले पदार्थ लेकर घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर जसबीर सिंह, सुखदेव सिंह, मनीष, सुशील व जगतार की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जिसके सामने युवक की तलाश ली तो उसके पास से 16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान शादीपुर निवासी इल्ताफ के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।



## तरावड़ी में 50 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य होगा जल्द शुरू

**तरावड़ी।** नीलोखेड़ी क्षेत्र के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शहर में निर्माणाधीन 50 बेड के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। लंबे समय से अधूरे पड़े इस अस्पताल भवन को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ मौके पर समीक्षा बैठक भी की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित विभाग को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया की निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी।



तरावड़ी। नई अस्पताल बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुये विधायक भगवान दास कबीरपंथी।

## पिहोवा अस्पताल में अभियान शुरू, किशोरियों का टीकाकरण

### अभिभावकों से अफवाहों से दूर रहने की अपील

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में बड़ा कदम, एचपीवी वैक्सीन 93-100% तक प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल की अध्यक्षता में पीएचसी रामगढ़ रोड़ एचपीवी वैक्सीन अभियान के तहत 14 वर्ष की लड़कियों का टीकाकरण किया जा रहा है। डॉ अमनदीप कौर ने कहा कि महिलाओं में दूसरा सबसे आम सर्वाइकल कैंसर से लड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए रामगढ़ रोड में एचपीवी वैक्सीनेशन लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन की शुरूआत 28 फरवरी 2026 को हरियाणा में इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा से शुरूआत की गई थी। डॉ अमनदीप कौर ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के कारण होता है, जो भारत में महिलाओं में कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि इस सर्वाइकल कैंसर को एचपीवी वैक्सीन से इसे 93-100 प्रतिशत तक रोका जा सकता है। यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है, बल्कि निजी क्षेत्र में हजारों रुपए की लागत वाली यह वैक्सीन अब सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। यह वैक्सीन 14 वर्ष पूर्ण कर चुकीं लेकिन 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियां को लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन एक ही डोज में दी जाती है (गार्डासिल-4) यह 3 महीने का विशेष अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा है।



### एचपीवी वैक्सीन से बेटियों को मिलेगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव: हरविंद्र कल्याण

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन बेहद प्रभावी है और इसे समय पर लगवाना जरूरी है। वे आईएमए द्वारा आयोजित वॉकथॉन के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। यह वॉकथॉन करनाल क्लब से सिविल अस्पताल तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के साथ-साथ जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं। आईएमए के प्रधान डॉ. सलील गुप्ता ने बताया कि देश में हर साल बड़ी संख्या में महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से जान गंवाती हैं, जिन्हें वैक्सीनेशन के जरिए बचाया जा सकता है। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा-बेटियों को समय पर वैक्सीन जरूर लगवाएं।




करनाल। वॉकथॉन का शुभारंभ करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

# फायर कर्मियों का मांगों को लेकर प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

- फरीदाबाद अग्निकांड के आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

फायर कर्मचारी ने रविवार को मांगों को लेकर शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दमकल कार्यालय पर प्रदर्शन किया। फायर कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्दी कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो भविष्य में लंबा आंदोलन चलाया जा सकता है। जिसके जिम्मेदारी सरकार की होगी। रविवार को फायर कर्मचारी भारी संख्या में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दमकल कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मांगों को लेकर नारेबाजी कर विरोध जताया। कर्मचारी संघ के जिला प्रधान विजेंदर सिंह व कोषाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि उनकी मांगों में फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद दमकल कर्मचारी रणवीर सिंह व भविष्यचंद शर्मा को शहीद का दर्जा देने, उनके आश्रितों को एक एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी प्रदान करने, पांच हजार रुपये मासिक जोखिम भत्ता लागू करने, पे-रोल व कौशल निगम के दमकल कर्मचारियों को विभाग के सर्जित पदों पर समायोजित कर समान काम समान वेतन देने, नियमित कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में गृह जिले में हो।



यमुनानगर। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दमकल कार्यालय पर मांगों को लेकर नारेबाजी करते फायर कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### गुरु भक्ति ज्ञान की ओर करती है अग्रसर: भारती

**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत समागम का आयोजन किया। संत समागम में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को गुरु भक्ति के महत्व को बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने मधुर भजनों से साध संगत को भाव विभोर कर दिया। साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि गुरु वह दिव्य सत्ता है जो हमें ब्रह्मज्ञान के द्वारा अज्ञानता के अंधकार से निकाल कर ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर करती है। जब तक हम परमात्मा के निराकार स्वरूप की भक्ति करते हैं। तब तक परमात्मा हमारे कर्म संस्कारो की व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। साकार स्वरूप ब्रह्म गुरू के रूप में इस धरा पर अवतरित होकर संपूर्ण मानव जाति को गुरू भक्ति का संदेश देते हैं। ताकि वे कर्म बंधनों में उलझी हुई जीव आत्माओं को मुक्ति का मार्ग दिखा पाएं।

### गांव चलो-बस्ती चलो से मजबूत होगी पार्टी

**घरौंडा।** गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मधुबन मण्डल के कालरों शक्ति केंद्र पर रविवार को कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कवींद्र राणा ,मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, महामंत्री अजय राणा का कार्यक्रम संयोजक संदीप लोहट, मेमपाल राणा सरपंच प्रतिनिधि दीपेंद्र राणा व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया। मुख्य अतिथि कवींद्र राणा ने कहा कि किसान सम्मान निधि, बुढ़ापा पेंशन, जन-धन योजना, उज्ज्वला गैस योजना, ड्रोन दीदी आदि योजनाओं से हर जाति हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आज लोग मोदी सरकार व नायब सरकार से पूरी तरह खुश हैं। कार्यकर्ता ही भाजपा सरकार की असली ताकत हैं और 'गांव चलो बस्ती चलो' अभियान से भाजपा कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय बढ़ेगा और इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी।

### भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित हुई कार्यकर्ताओं की बैठक

# महिलाओं को सशक्त बनाएगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम : बहमनी

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मेयर सुमन बहमनी।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने पर भाजपा द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में मेयर सुमन बहमनी व विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रोजी मलिक आनंद ने भाग लिया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा और समाज में उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत करेगा। यह अधिनियम देश की महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह कानून महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। इस अधिनियम की वजह से आज देश की हर महिला खुद को अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त महसूस कर रही है।

यह पहल हमारे समाज को और अधिक मजबूत व प्रगतिशील बनाएगी। भारतीय जनता पार्टी नेत्री रोजी मलिक आनंद ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को नई दिशा देगा। भाजपा हमेशा से महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह कदम उसी संकल्प का प्रमाण है।

#### कानून मील का पत्थर साबित होगा

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि यह कानून आने वाले समय में महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। भाजपा संगठन महिला सशक्तिकरण के इस मिशन को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्नान किया कि वे सरकार की इस पहल को जन जन तक पहुंचाएं और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला महामंत्री नरेंद्र राणा व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग मौजद रहे।



यमुनानगर। रादौर स्थित गांव टोपराकला में आयोजित दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्यातिथि उमेश बुबका। फोटो : हरिभूमि

## खेलों को बढ़ावा देकर ही युवा पीढ़ी को नशे से रखा जा सकता है दूर : बुबका

- गांव टोपरा कलां में ग्रामीणों ने करवाया दंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कस्बा के गांव टोपरा कलाँ में रविवार को ग्रामीणों के सहयोग से दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में मुख्यरूप से युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका ने पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कांग्रेसी नेता उमेश बुबका ने पहलवानों के हाथ मिलाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। प्रतियोगिता में देश व प्रदेश के नामी पहलवानों ने अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रिंकू पहलवान व बाबा लाडी पहलवान के बीच खेला गया। जिसमें लाड़ी पहलवान ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की।

इस अवसर पर उमेश बुबका ने कहा कि कुश्ती हमारा पारंपरिक खेल है। जिसमें पूर्वजो को महारत हासिल थी। वे कुश्ती के माध्यम से स्वस्थ व लंबा जीवन जीने में कामयाब हुए। बताया कि आज जितना पढना जरूरी हैं, उतना खेलना भी। युवा नशे की लत में अपनी जवानी को धकेल रहा हैं और जो थोड़ा बहुत बचा वो मोबाइल के चक्कर में अपने जीवन को बर्बाद कर रहा हैं। इन सब गलत आदतों से अगर अपने आने वाली पीढियों को बचाना हैं तो एक मात्र विकल्प खेल है। इस अवसर पर संटी, तरुणए विक्रम, मुकेश वर्मा, राजकुमार रामपुर, बंटी आदि मौजूद रहे।

# आढ़ती एसोसिएशन रादौर के सुभाष चंद कांबोज बने प्रधान

- रादौर अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक, नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर अनाज मंडी में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन रादौर के सदस्यों की कस्बा स्थित मंडी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता आढ़ती मान सिंह आर्य व पूर्व प्रधान शिवकुमार संधाला ने की।

एसोसिएशन की नव गठित कार्यकारिणी में सुभाष चंद कांबोज जयपुर को प्रधान बनाया गया है। वहीं, शैंकी गुप्ता को उप प्रधान नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान सुभाष चंद कांबोज व उप प्रधान शैंकी गुप्ता का अनाज मंडी एसोसिएशन के सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। नवनियुक्त प्रधान सुभाष चंद कांबोज व उप प्रधान शैंकी गुप्ता ने कहा कि वह मंडी के सभी आढ़तियों का उनकी नियुक्ति के लिए हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

वह मंडी में ईमानदारी व भाईचारे से आढ़तियों की समस्याओं का समाधान व आढ़तियों की मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर आढ़ती बंसीलाल वाइस चेयरमैन मार्केट कमेटी, पूर्व प्रधान संजय गुप्ता, शिवकुमार संधाला, संजय बकाना, संदीप टोपरा, अभिषेक आहुजा, कर्मचंद, बलिंद्र ढिल्लो, पूर्णचंद आहुजा, रामकुमार, पूर्णचंद, राजेश रादौरी, ऋषिपाल व सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# ममीदी में गड्ढा खाद जमीन पर आंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने से लोगों में रोष

- अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात, चप्पे-चप्पे की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर-

गांव ममीदी में बीती रात असामाजिक तत्वों द्वारा गड्ढा खाद की जमीन पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति स्थापित कर दी। जिससे स्थानीय लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपसी रजामंदी में उक्त जमीन पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करनी चाहिए थी मगर असामाजिक तत्वों द्वारा रात के समय बिना किसी को सूचित किए मूर्ति स्थापित की गई है। सूचना मिलते ही फर्कपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची । किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया।



**यमुनानगर।** ममीदी क्षेत्र में गड्ढा खाद की जमीन पर स्थापित की गई डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर रोष जताते स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

#### क्या कहते हैं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार

थाना फर्कपुर प्रभारी कृष्ण कुमार का कहना है कि पुलिस के पास कंट्रोल रूम से सूचना आई थी कि मूर्ति स्थापित की गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। अभी तक कोई भी शिकायत नहीं आई है। कानून व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल लगा दिया गया है। किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत नहीं है और लोगों ने भी शांति बनाई हुई है।

ग्रामीणों प्रदीप कुमार, ओमप्रकाश, शमशाद अली, नायब सिंह, रविंद्र कुमार, हंसराज और नरेश शर्मा ने बताया कि यह गड्ढा खाद की चार कनाल जमीन है। जिसका रिकॉर्ड 1968 से 82 नंबर के रूप में दर्ज है। उनके अनुसार यह जगह लंबे समय से खाली पड़ी थी, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने कब्जा करने की नीयत से बाबा साहब की मूर्ति स्थापित कर दी। कहा कि मूर्ति स्थापित करने से पहले रजामंदी जरूरी थी। स्थानीय लोगों से बातचीत कर उक्त जमीन पर मूर्ति स्थापित करनी चाहिए थी। मगर मूर्ति स्थापित करने वाले लोगों ने आपसी भाईचारा खराब करने का काम किया है।

#### क्या कहते हैं वार्ड पार्षद श्यामलाल

वार्ड पार्षद श्यामलाल ने कहा कि इस स्थान को लेकर नगर निगम में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। यहां सामुदायिक केंद्र की योजना भी बनाई गई थी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मंदिर के प्रधान रामदास ने भी इस मामले में अनभिज्ञता जताई। उन्होंने बताया कि अंबेडकर की मूर्ति पहले मंदिर परिसर में सुरक्षित रखी गई थी, लेकिन रात के समय किसी ने उसे वहां से उठाकर उक्त जमीन पर स्थापित कर दिया।

### जरूरतमंद 75 परिवारों में राशन का वितरण

**यमुनानगर।** श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति द्वारा रविवार को बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर में राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 75 जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया गया। समिति के सदस्य जतिंदर गुप्ता व अनिल छाबड़ा ने बताया कि श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति द्वारा पिछले 31 वर्षों से जरूरतमंद परिवारों को प्रत्येक माह राशन वितरित किया जाता है। समिति द्वारा ऐसे परिवारों की खोज की जाती है। जिन परिवारों में कोई कमाने वाला नहीं है। इसके बाद समिति द्वारा ऐसे परिवारों का चयन कर उनको प्रत्येक माह राशन वितरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि राशन में आटा, चीनी, दाल, घी, साबुन, सर्फ आदि शामिल होता है। उन्होंने बताया कि समिति नगर के दानी लोगों के सहयोग से सत्संग, सेवा, सुमरिन के माध्यम से मानव सेवा कर रही हैं। इसके साथ ही समय समय पर सत्संग, परिवारों को जरूरत की खाद्य पदार्थ, रक्तदान, बच्चों को किताबें, फीस, वर्दी दी जाती है। उन्होंने शहर के लोगों से अपने विवाह की सालगिरह जन्मदिन व अन्य समारोह पर समिति का सहयोग करने की अपील की है। इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने केवल कृष्ण सैनी के भाई अशोक कुमार के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का शोक व्यक्त किया। मौके पर जतिंदर गाँधी, विजय मदान, अधिवक्ता केवल कृष्ण सैनी, विक्की, चुनी लाल आदि मौजूद थे।

# एआई का इस्तेमाल सीखना इंजीनियरों के लिए जरूरी : डॉ. ढींगरा

- ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट एंड एप्लाइड साइंसेज विषय पर हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर




यमुनानगर के ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए वक्तागण। फोटो : हरिभूमि

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में इमर्जिंग ट्रेंड्स इन इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड एप्लाइड साइंसेज-2026 पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रुप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अकेडमिक अफेयर्स के डीन डॉ. राकेश कुमार ने भाग लिया। वहीं, मुख्य वक्ता के रुप में यूआईईटी के निदेशक डॉ. सुनील ढ़ींगरा, डॉ. राजेंद्र नाथ व रजत जिंदल ने भाग लिया। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने अतिथियों के साथ मिलकर सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित करते शुभारंभ किया।

मुख्य वक्ता सुनील ढींगरा ने कहा कि आज एआई सिर्फ डाटा का विश्लेषण नहीं कर रहा है। बल्कि यह कंटेंट भी बना रहा है। चैट जीपीटी, जेमिनी और डेल ई जैसे मॉडल टेक्स्ट, इमेज और वीडियो बना रहे हैं। भविष्य के इंजीनियरों को इन टूल्स का इस्तेमाल करने के साथ साथ उन्हें समझना और बेहतर बनाना सीखना होगा। दूसरे मुख्य वक्ता डॉ. राजेंद्र नाथ ने ने एआई के बेहतर उपयोग पर बल दिया। वहीं, रजत जिंदल ने नए सॉफ्टवेयर्स के बारे में सभी को अवगत करवाया तथा तकनीक से तालमेल बिठाने की सलाह दी। वहीं, किनोट स्पीकर डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि आज ऑगमेंटेड इंटेलिजेंस बन गई है जो जॉब्स को छीन नहीं रही है। बल्कि टेक्नोलॉजी को सीख कर युवाओं के लिए अवसर पैदा कर रही है। मौके पर अंतरराष्ट्रीय कीनोट स्पीकर इंजीनियर सुमीत खुराना ने सभी को एआई के बढ़ते दायरे के बारे में चर्चा की। उन्होंने अपने द्वारा डेवलप किए गए सॉफ्टवेयर के बारे में भी बताया। संस्थान के समूह निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार ढींगरा ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केवल अकादमिक आयोजन ही नहीं है। बल्कि ज्ञान, नवाचार और सहयोग का एक सशक्त मंच है। इस प्रकार के सम्मेलन द्वारा विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ एक साथ आकर अपने ज्ञान के माध्यम से भविष्य की नई संभावनाओं को आकार दें सकते है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीने, काम करने और सोचने के तरीके को बदलने वाली एक बुनियादी शक्ति बन गई है।

#### एआई से हर क्षेत्र में आ रहा बदलाव

चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने कहा कि एआई आज हर क्षेत्र में बदलाव का प्रमुख आधार बन चुकी है। चाहे वह इंजीनियरिंग में स्मार्ट टेक्नोलॉजी हो, प्रबंधन में डेटाआधारित निर्णय हो या अनुप्रयुक्त विज्ञान में नवाचार। इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों से वक्ताओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्रा यश्वी खुराना, रोहित घुरे, यूनाइटेड किंगडम के देव आदि ने भी अपने विचार सांझा किए। संस्थान निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप मित्तल, डॉ. संजय काजल, डॉ. उपेंद्र ढुल, ललित नागपाल, डॉ. अजय जांगड़ा, डॉ. पुनीत बंसल, डॉ. विकास कौशिक, डॉ. डीडी शर्मा, डॉ. अखिलेश व मुनीश गुप्ता मौजूद रहे।

### समाज सुधारक, क्रांतिकारी विचारक थे महात्मा फुले

**रादौर।** रविदास नगर रादौर स्थित संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर के प्रांगण में महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम में आर्किटेक्ट पवन नरवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और बताते मार्गों से लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर पवन नरवाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक, क्रांतिकारी व विचारक थे जिन्होंने 19वीं शताब्दी में भारत में सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए पूरे लगन से काम किया। कुलदीप पठानीया ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने महिला शिक्षा के महत्व को समझा और इसके लिए काम किया। उन्होंने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए एक स्कूल खोला, जो भारत में लड़कियों के लिए पहले स्कूलों में से एक था । फुले ने जाति प्रथा के खिलाफ संघर्ष किया और दलितों एवं शूद्रों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने दलितों को मंदिरों में प्रवेश करने और सार्वजनिक स्थानों पर जाने के अधिकार के लिए संघर्ष किया। इस अवसर पर जगमाल खूब्बर, नवजीवन कुमार, सतीश सिंहमार, जगमाल हडतान, मुकेश बहमिनिया, संदीप बंगारू, ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

# पीआरएन प्रशिक्षण में अव्वल रहे एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. जोशप्रीत

- गुरु नानक खालसा कालेज पहुंचने पर लेफ्टिनेंट डॉ. जोशप्रीत सिंह का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** डॉ. जोशप्रीत सिंह का स्वागत करते हुए एनसीसी अधिकारी।

गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर के लेफ्टिनेंट डॉ. जोशप्रीत सिंह ने एनसीसी अकेडमी नागपुर(महाराष्ट्र) द्वारा गत दिनों आयोजित प्री कमीशन रिफ्रेशर प्रशिक्षण(पीआरएन) में सर्वोच्च स्थान हासिल कर कालेज व जिले का नाम रोशन किया है। लेफ्टिनेंट डॉ. जोशप्रीत सिंह के कालेज में पहुंचने पर उसका स्टाफ सदस्यों व एनसीसी अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया है।

कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने बताया कि लेफ्टिनेट डॉ. जोशप्रीत सिंह ने नागपुर में आयोजित पीआरएन में ड्रिल, मैप रीडिंग, हथियार ट्रेनिंग(फायरिंग) फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट और अलग अलग गेम्स में इंटेंसिव सेशन में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। लेफ्टिनेंट डॉ.जोशप्रीत सिंह को उनके शानदार काम और लगन के लिए ओटीए कैम्पटी के डिप्टी कमांडेंट और चीफ इंस्ट्रक्टर ब्रिगेडियर निरंजन जोग ने एक एप्रिसिएशन प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर लेफ्टिनेट डॉ. जोशप्रीत सिंह ने कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर, प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला, 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी , यमुनानगर के पूर्व कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह को धन्यवाद दिया है।

### किसानों को उपज बेचने में दिक्कत न आने देने के निर्देश

# अब तक 39645.6 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

### जिला अनाज मंडियों में अब तक हुई 53541.13 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उपायुक्त प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी अनाज मंडी में बिकने को पहुंची गेहूं को समेटते हुए मजदूर।

जिला की अनाज मंडियों में धीरे धीरे गेहूं की आवक बढ़ने लगी है। जिला अनाज मंडियों में अब तक 53541.13 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है और खरीद एजेंसियों द्वारा कुल 39645.6 मीट्रिक टन क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी। उपायुक्त बताया कि जिला की सभी अनाज मंडियों में अब तक खरीदी गई कुल गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 7241.4 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 23175.8 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन 9228.4 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि जिला की व्यासपुर मंडी में 6897.5 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 2252.3 मीट्रिक टन, गुमथला रॉव अनाज मंडी में 295 मीट्रिक टन गेहूं, जगाधरी अनाज मंडी में 7224 मीट्रिक टन गेहूं, जठलाना अनाज मंडी में 201 मीट्रिक टन गेहूं, खारवन अनाज मंडी में 452 मीट्रिक टन गेहूं, प्रतापनगर अनाज मंडी में 1224.4 मीट्रिक टन, सरस्वतीनगर अनाज मंडी में 11683.4 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 3118 मीट्रिक टन, रणजीतपुर अनाज मंडी में 1419 मीट्रिक टन गेहूं, रसूलपुर अनाज मंडी में 1179 मीट्रिक टन व साढौरा में 3700 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।

#### अनाज मंडियों में सुविधाओं का रखें ध्यान

उपायुक्त प्रीति ने गेहूं की खरीद संबंधी कार्यों में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे अपनी गेहूं की उपज को अच्छी प्रकार से सुखाकर एवं साफ करके ही मण्डियों में लाएं ताकि उन्हें उपज का उचित मूल्य मिल सके।

## खबर संक्षेप



### 'रोहित सरदाना स्मृति व्याख्यान माला' 30 को

**कुरुक्षेत्र।** प्रख्यात पत्रकार स्वर्गीय रोहित सरदाना की स्मृति में पूर्व छात्र परिषद विद्या भारती हरियाणा व कुरूक्षेत्र विश्विद्यालय द्वारा 'रोहित सरदाना स्मृति व्याख्यान माला' का आयोजन आयोजन 30 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय के सीनेट हाल में किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर एक बैठक श्रीमद्भगवद्गीता विद्यालय, कुरुक्षेत्र में विजय नड्डा, संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से 'रोहित सरदाना स्मृति पुरस्कार' प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन को दो सत्रों में किया जाना है जिसमें पत्रिकारिता में रूचि रखने वाले छात्रों के साथ विख्यात पत्रकार अपने अनुभव सांझा करेगें व छात्रों की भविष्य का अच्छा पत्रकार बनने के लिए प्रेरित करेगें।

### जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी ने भेंट की स्टेशनरी



**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संस्था जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी द्वारा धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ब्रह्मा कॉलोनी, रेलवे रोड पर स्थित वात्सल्य वाटिका में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों हेतु स्टेशनरी भेंट की गई। जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी के प्रधान विकास आनंद ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट मास्टर प्रदीप गर्ग, साहिल गर्ग, मनजीत नैन रहे। विकास आनन्द ने कहा कि जेसीआई कुरुक्षेत्र सिटी द्वारा वर्ष भर जनहित कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज वात्सल्य वाटिका, ब्रह्मा कॉलोनी, कुरुक्षेत्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को पेन, पेंसिल, रजिस्टर, मारकर व्हाइट बोर्ड व अन्य स्टेशनरी भेंट की गई।

### प्रो. हिम्मत सिंह सिन्हा की पुस्तकों का किया अवलोकन

**कुरुक्षेत्र।** प्रोफेसर हिम्मत सिंह सिन्हा स्मृति न्यास की बैठक रविवार को डॉ. चितरंजन दयाल सिंह कौशल की अध्यक्षता में न्यास कार्यालय में हुई। ये जानकारी देते हुए महासचिव सन्त कुमार ने बताया कि कार्यालय आकाश नगर, कुरुक्षेत्र में न्यास के सदस्यों ने कार्यालय सहित प्रोफेसर हिम्मत सिंह सिन्हा की पुस्तकों का भी अवलोकन किया, उनकी पुस्तकों को पुस्तकालय का रूप दिया गया है। इन पुस्तकों में दर्शन शास्त्र के साथ-साथ, आयुर्वेद, मनोविज्ञान, आध्यात्म सहित अनेक पुस्तकों का संग्रह किया गया है। सन्त कुमार ने बताया कि बैठक में प्रोफेसर हिम्मत सिंह सिन्हा जी के दिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली गई। न्यास के अंतर्गत शिक्षा और आध्यात्म के प्रचार-प्रसार का पुनीत कार्य किया जाएगा। न्यास के प्रेस सचिव की जिम्मेदारी डॉ. राजेश वधवा को दी गई।

## 500 ड्रोन का शो और सांस्कृतिक विरासत के दृश्य बनाएंगे यादगार पल

# कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहली बार बैसाखी महोत्सव का सजेगा मंच

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करेंगे शिरकत, महिलाओं की होगी प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

बैसाखी महोत्सव 2026 को 500 ड्रोन का शो और सांस्कृतिक विरासत के अहम दृश्य यादगार बनाएंगे। यह महोत्सव पहली बार धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 13 व 14 अप्रैल को केडीबी मेला ग्राउंड में होने जा रहा है। इस महोत्सव में पंजाब और हरियाणा की परम्परागत लोक संस्कृति, ग्रामीण परिवेश के साथ-साथ दस्तारबंदी, हरियाणवी स्टाईल पगड़ी, गतका, दंगल और महिलाओं की परंपरागत खेले अपने आप में एक आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इस महोत्सव में लगने वाले मेले में दूर दराज से आने वाले पर्यटकों को हरियाणवी और पंजाबी व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिलेगा। अहम पहलू यह है कि इस बैसाखी महोत्सव 2026 का उद्घाटन 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे और 14 अप्रैल को भी सायं 7 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समापन समारोह में शिरकत करेंगे। इस बैठक में जहां उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बैसाखी महोत्सव 2026 को होने वाले तमाम कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा सबके समक्ष रखा वहीं पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, ओएसडी डा. प्रभलीन सिंह ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से कुरुक्षेत्र की धरा पर होने वाला पहला बैसाखी महोत्सव हर लिहाज से ऐतिहासिक और यादगार रहेगा। इस महोत्सव में दांतों से वजन खिंचने वाले नरेन्द्र सिंह, सर्कल कबड्डी का मैच भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इसके अलावा महिला व पुरुषों का दंगल, दस्तारबंदी, गतका, हरियाणवी स्टाईल पगड़ी, महिलाओं की मटका दौड़, पतंग प्रतियोगिता, विद्यार्थियों के बीच मेंहदी, रंगौली और पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। इस महोत्सव में प्रगतिशील किसानों, उल्लेखनीय व सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मान दिया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, ओएसडी डा. प्रभलीन सिंह, जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, जयभगवान शर्मा, विवेक आर्य ने कार्यक्रम स्थल केडीबी मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया।



**कुरुक्षेत्र।** केडीबी मेला ग्राउंड का निरीक्षण करते पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, ओएसडी डा. प्रभलीन।

### सबसे अच्छी दस्तार सजाने वाले को मिलेगा ईनाम

*बैसाखी महोत्सव 2026 में सबसे अच्छी दस्तार सजाने वाले व्यक्ति को 11 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। इस महोत्सव में पहली बार दस्तारबंदी को लेकर सीनियर व जूनियर वर्ग की 2 प्रतियोगिताएं रखी गई है। हर वर्ग में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 11-11 हजार, द्वितीय को 8100-8100 रुपए, तृतीय को 5100-5100 रुपए की ईनाम राशि दी जाएगी।*

### इस दौरान ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर चेयरमैन धुमन सिंह किरमच, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर,चेयरमैन धर्मवीर डागर, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा, शुगरफैड के पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह चीका, कंवलजीत सिंह अजराना,एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम अमन कुमार, डा. अवनित सिंह वडैच सहित सिख समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।*



### बैसाखी उत्सव को लेकर शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि आगामी 13 और 14 अप्रैल को केडीबी के मेला ग्राउंड में बैसाखी उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य लघु सचिवालय के सभागार में शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला स्तर के अधिकारियों के साथ बैसाखी उत्सव 2026 को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की जिले के उन स्कूलों की सूची बनाएं जिन स्कूलों ने इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देनी है। इसके अलावा उन्होंने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए की महोत्सव में दंगल का भी आयोजन किया जाएगा उसकी तैयारी भी समय रहते पूरी कर ले। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि पहली बार धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में बैसाखी उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है, इस महोत्सव में जाने-माने कलाकारों के साथ-साथ प्रदेश स्तर के कई खिलाड़ी शिरकत करेंगे।

### प्रसिद्ध कलाकार लखविन्द्र वडाली और कुलविन्द्र बिल्ला प्रस्तुत करेंगे कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** बैसाखी महोत्सव 2026 ड्रोन शो के साथ साथ रंग बिरंगी पतंगों के लिए एक नई पहचान बनाएगा। इस बैसाखी महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी परम्परागत संस्कृति का निर्वहन करने के लिए पतंग उडा सकते है। इस महोत्सव में मुख्यमंत्री के लिए 6 फीट की रंग बिरंगी पतंग भी तैयार की है। अहम पहलू यह है कि बैसाखी महोत्सव में हरियाणा सांस्कृतिक विरासत का मंच सजा है। कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहली बार बैसाखी महोत्सव 2026 का बडा मंच बनने जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बैसाखी महोत्सव 2026 को 13 अप्रैल को सायं 7 बजे प्रसिद्ध कलाकार लखविन्द्र वडाली मुख्य मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे, 14 अप्रैल को मुख्य मंच पर सायं 7 बजे प्रसिद्ध कलाकार कुलविन्द्र बिल्ला की प्रस्तुति होगी। इस सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समापन समारोह में पहुंचेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बैसाखी महोत्सव 2026 में लस्सी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न तरीकों से लस्सी प्रतिभागी बनाएंगे, इस लस्सी प्रतियोगिता में वे शुद्ध व्यंजनों का प्रयोग करेंगे। इसके लिए अलग से कमेटी की ड्यूटी लगाई गई है।

# बैसाखी पर पंजाबी कल्चर थीम पर होंगे कार्यक्रम : सुधा

## प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता एक अलग से जोन तैयार किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच से बैसाखी पर्व सरकारी स्तर पर मनाई जा रही है। इस भव्य व विशाल कार्यक्रम का आयोजन धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में होने जा रहा है। ऐसा कार्यक्रम का कुरुक्षेत्र में आयोजन होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को लघु सचिवालय की नई बिल्डिंग के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए पहुंचेगे। इस कार्यक्रम के आयोजन में सभी प्रोग्रामों की थीम पंजाबी कल्चर की होगी। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने मनोरंजन को चार चांद लगाने के लिए पंजाबी कलाकार पहुंच रहे हैं, जो पंजाबी गीतों पर प्रदेशभर से पहुंचने वाले प्रदेशवासियों के सामने अपनी प्रस्तुति देंगे।

### कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील



कहा कि प्रदेश में पहली बार होने वाले कार्यक्रम में 500 ड्रोनों के साथ ड्रोन शो का भव्य आयोजन होगा। इन ड्रोनों के साथ आसमान में बैसाखी के महत्व को प्रदर्शित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र में पहली बार विशाल ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर लोगों में काफी जोश व जश्न बना हुआ है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही 14 अप्रैल को कार्यक्रम के समापन अवसर पर पहुंचेंगे। दोनों के कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, युवाओं, खिलाड़ियों और बुजुर्गों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। वहीं प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता एक अलग से जोन तैयार किया जा रहा है। इसमें प्रदेश की पहचान दिखाते हर पहलुओं को शामिल किया गया है। उन्होंने शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# रोटरी क्लब को डिस्ट्रिक्ट मंथली अवॉर्ड्स में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद



रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 द्वारा जनवरी 2026 के लिए घोषित डिस्ट्रिक्ट मंथली अवॉर्ड्स में क्लब को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। क्लब को मीडियम क्लब्स श्रेणी में माह के दौरान सर्वाधिक प्रोजेक्ट करने के लिए सम्मान प्राप्त हुआ, जिसमें जनवरी माह में कुल 24 प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। इसके साथ ही क्लब को मैक्सिमम आउटरीच प्रोजेक्ट के लिए भी सम्मानित किया गया, जिसमें जरूरतमंद लोगों के बीच 550 उपयोगी कपड़ों के पैकेट वितरित किए गए। यह प्रोजेक्ट समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं का एक उत्कृष्ट उदाहरण बना। डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि यह सम्मान क्लब के सभी सदस्यों की निरंतर मेहनत, समर्पण और सेवा भावना का परिणाम है। उइस अवसर पर रोटरी असिस्टेंट गवर्नर डॉ. एस. एस. आहूजा ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि शाहाबाद क्लब ने अपने कार्यों से एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर प्रोजेक्ट्स का सफल संचालन और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना वास्तव में प्रशंसनीय है।



### इंसान को अपने गुरु के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहना चाहिए : स्वामी शक्तिदेव

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग में विभिन्न जिलों से श्रद्धालु पहुंचे। संगत ने गुरु महिमा का बखान किया और ओंकार भगवान के जयकारे लगा कर सर्व कल्याण की कामना की। कुरड़ी वाले महाराज स्वामी शक्तिदेव ने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। प्रवचन करते हुए प्रेरणा दी की प्रत्येक इंसान को अपने गुरु के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित और आश्रित रहना चाहिए। गुरु आज्ञा का पालन करने वाले जीव के जीवन में कभी भी अप्रिय घटना नहीं हो सकती, क्योंकि वह गुरु प्यार के आश्रित रहता है उसे यह ज्ञान भी हो जाता है कि वह समस्त जगत के प्राणी कर्मों के आश्रित दुखों के आवागमन से बच नहीं सकते। इसीलिए पूर्ण रूप से आश्रित रहना ही महा सुखदाई है जो कर्म जाल से मुक्त कर दुखों से सदा दूर रखते हैं। गुरुवाणी के आश्रित वहीं रह सकता है जो गुरुवाणी तथा गुरु सेवा को ही सर्वोपरि मानता है ,गुरु आज्ञा में रहने वाले के हृदय में परोपकार, दया, संतोष व प्राणियों के प्रति सेवा भाव आदि दिव्य गुणों का स्वत ही समावेश हो जाता है तथा गुरु प्यार से उसकी आत्मा जागृत हो जाती है तब जीव का गुरु आत्मा से आत्मिक संबंध जुड़ने पर उसे आत्मानंद मिलने लगता है जो आनंद केवल सभी आत्माओं के सृजक परमात्मा की शक्ति स्वरूप सद्गुरु ज्योति से ही पृथ्वी पर प्रकट रूप में ही मिलना संभव है।

# बारिश की वजह से खराब हुई गेहूं पर सरकार दे राहत : डॉ. जसविंदर

## सरकार से खरीद नियमों में ढील देने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

इस वर्ष लगातार हो रही बारिश की वजह से किसानों की गेहूं की फसल को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। खेतों में खड़ी और कटी हुई फसल पर बारिश का सीधा असर पड़ा है, जिससे दाने की गुणवत्ता प्रभावित हुई है और नमी तथा चमक में कमी की समस्या बढ़ गई है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा निर्धारित सख्त खरीद मानक किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन रहे हैं। जेजेपी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खेहरा ने कहा कि बारिश की वजह से फसल प्रभावित होना किसानों के बस में नहीं है, इसलिए सरकार को चाहिए कि वह संवेदनशीलता दिखाते हुए गेहूं की खरीद में नमी और चमक में कमी से जुड़े नियमों में विशेष छूट दे। यदि इन मानकों में ढील नहीं दी गई तो किसानों को अपनी मेहनत की फसल औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ेगी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा।

### मौसम की मार, बढ़ती लागत और अन्य समस्याओं से जूझ रहा किसान

किसान पहले ही मौसम की मार, बढ़ती लागत और अन्य समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि वह किसानों के हित में तुरंत फैसला ले और मंडियों में गेहूँ की खरीद को आसान बनाए। हर किसान की फसल को बिना भेदभाव खरीदा जाए और मौजूदा हालात को देखते हुए गुणवत्ता मानकों में जरूरी राहत दी जाए। डॉ. खेहरा ने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि मंडियों में किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही प्रशासन से अपील की कि खरीद प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जाए, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके।




### डीएलएसए ने राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर किए जागरूकता कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस पहल के अंतर्गत पीएलवी पूनम द्वारा गांव बलाही, जोड़ना खेड़ा में, पीएलवी रीति द्वारा गांव सांवला, रतन डेरा में, पीएलवी विजय द्वारा निवारसी, सुल्तानपुर में, पीएलवी तनुज कुमार द्वारा गांव सिंबल बाल , सुनारियां में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, निःशुल्क मातृ स्वास्थ्य सेवाओं, उनके कानूनी अधिकारों, शिकायत निवारण तंत्र तथा डीएलएसए द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि इन जागरूकता शिविरों का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के महत्व को उजागर करना तथा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं उपलब्ध कल्याणकारी और सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना है।

### बैसाखी पर्व उमंग व उत्साह पूर्ण : मिश्रा

**कुरुक्षेत्र।** श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश वास्तु व ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि बैसाखी का पर्व मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा के किसान अपनी रबी की फसलें तैयार होने की खुशी में बड़े उमंग और उत्साह के साथ मनाते है। वैशाख सक्रांति को पकी हुई फसलों को प्रतीक स्वरूप अग्नि देव को समर्पित कर बैसाखी का पर्व मनाया जाता है। बैसाखी हिंदुओं के लिए भी विशेष है। शास्त्रों के अनुसार मान्यता है कि हजारों सालों पहले जनमानस के कल्याण हेतु गंगा मां इसी दिन धरती पर उतरी थी। कई राज्यों में बैसाखी के ये अलग -अलग नाम है। हरियाणा और पंजाब में जहां इस पर्व को बैसाखी के नाम से जाना जाता है वहीं असम में इसे बिहू के नाम से भी जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे पोइला बैसाख के नाम से और केरल में इसे विशु के नाम से जाना जाता है। 13 अप्रैल 1699 को सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गोबिंद सिंह ने आनंद साहिब में मुगलों के आक्रमण और अत्याचारों से मुकाबला करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। बैसाखी के दिन पवित्र गुरुद्वारों में कई तरह के धार्मिक आयोजन और कीर्तन किया जाता है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान का बड़ा महत्व है। सिख धर्म के लोग नए कपड़े पहनकर अपने गुरुद्वारे जाते है। इस दिन श्री गुरु ग्रंथ साहिब का विशेष पाठ किया जाता है और वह गुरु के कीर्तन होते है। श्रीगुरु ग्रंथ साहिब में सभी गुरुओं का विशेष महत्त्व बताया गया है। आध्यात्मिक पथ में गुरू की विशेष कृपा का महत्त्व है। विशेष सभी गुरुद्वारों में कड़ा हलुआ प्रसाद में बांटा जाता है और लंगर का आयोजन किया जाता है, जहां हर धर्म और सभी वर्ग के लोग आपसी प्रेम भावना के साथ मिलजुल कर भोजन करते है।



## विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

# देश-प्रदेश की मौजूदा सरकार ने डॉ. आंबेडकर के नाम से किया पंचतीर्थ का निर्माण : हरविंद्र कल्याण

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री सैनी देश में आंबेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश व प्रदेश सरकार गरीब का भला करने के लिए अंत्योदय की नीति से काम कर रही है। पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को आगे लेकर जाया जा रहा है। वर्तमान में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंच रहा है। मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की मौजूदा सरकार ने डा. बीआर अंबेडकर के नाम से पंचतीर्थ का निर्माण किया है। इन स्थानों पर जाकर देश के नागरिकों गर्व की अनुभूति हो रही है। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वो अपने बच्चों को परिश्रम व मेहनत के लिए जागरूक करें। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण रविवार को वाल्मीकि धर्मशाला में आयोजित डा. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने वाल्मीकि धर्मशाला में तैयार की गई डा. भीम राव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा का निर्माण विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद ने अपने पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद की याद में करवाया है।



**कुरुक्षेत्र।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को स्मृति चिहन भेंट करते आयोजक।

### वाल्मीकि सभा को 11-11 लाख रुपये सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की

स्व. राजेंद्र प्रसाद प्रदेश में वाल्मीकि समाज के पहले जज वर्ष 1980 में बने थे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने वाल्मीकि सभा को 11-11 लाख रुपए सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि ये वाल्मीकि आश्रम नहीं, बल्कि बड़े-बड़े संतों की तपोभूमि है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश में डा. भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण कर रहे हैं। इसके लिए देश व प्रदेश में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। जिससे विधानसभा और लोकसभा में की 33 फीसदी सदस्य महिलाएं होंगी।

### कार्यक्रम में पहुंचने की अपील

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने नागरिकों से पंचकूला पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि 14 अप्रैल को पंचकूला में डा. बीआर अंबेडकर की जयंती को भव्य और विशाल कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर से सभी समाज से नागरिक हिस्सा लेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महंत रतन दास, वाल्मीकि सभा के प्रधान जागीर सिंह, जाट सभा के प्रधान कृष्ण श्योकंद, राजकुमार सैनी, रमेश पानीपत, जसवंत घाघट, ऋषिपाल बेदी, यशपाल नंबर, मा. लालचंद, सुशील वैद्य, एडवोकेट सुभाष बुम्बक, मलकीत ढांडा, श्याम लाल जांगड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आकर युवक की मौत

**अंबाला।** अंबाला शहर के मंजी साहिब गुरुद्वारे के पास कार की चपेट में आकर नया गांव के किशन उर्फ बुंदू की मौत हो गई। राजपुरा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में महावीर नगर के शुभम मल्होत्रा ने बताया कि उनकी काका ट्रांसपोर्ट के पास लकड़ी की दुकान है। उनके पास नया गांव निवासी किशन उर्फ बुंदू काम करता था। शाम करीब 7 बजे जब दोनों काम खत्म कर पैदल घर जा रहे थे, तभी पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी थी।

### कंगवाल और लंडा-खंडा में निकाले जाएंगे प्लाट

**अंबाला।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि 13 अप्रैल को पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में मुख्यमंत्री आवास योजना 2.0 फेस 3 के तहत ग्राम पंचायत कंगवाल खंड अंबाला प्रथम तथा ग्राम पंचायत लंडा खंडा साहा में प्लाटों का ड्रा किया जाना है जिसमें पात्र व्यक्तियों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट अलाट किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी लाभार्थियों को पंचायत भवन में लेकर पहुंचेंगे। इसके बाद ही ड्रा की कार्रवाई शुरू होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

### प्रवासियों को मिलेगा 5 किलोग्राम का सिलेंडर

**अंबाला।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों के लिए 5-5 किलो के एलपीजी गैस सिलेंडर देने बारे कैंप लगाकर इस बारे जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 5 किलो एफटीएल के नए कनेक्शन का रेट सिलेंडर प्लस गैस सहित 1511 रूपए तथा दोबारा 5 किलो एफटीएल सिलेंडर रिफिलिंग का रेट 567 रूपए 50 पैसे निर्धारित किया गया है ताकि प्रवासियों को गैस सिलेंडर की उपलब्धता मिलती रहे।

### रिहायशी बस्तियों में बिछाई गई लाइन

**अंबाला।** डीएफएससी निशांत राठी ने बताया कि घरेलू व व्यवसायिक गैस उपभोक्ताओं के लिए एचपी ऑयल गैस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सेक्टर-10, 9, 8, 7, 01, प्रेम नगर, लक्ष्मी नगर, लक्ष्मी विहार, लक्ष्मी नगर, पटेल नगर, आरके पुरम, प्रिंस विहार, शिवाजी पार्क, विकास विहार, न्यू मॉडल टाउन कॉलोनी, मॉडल टाउन, कैलाश नगर, कांशी नगर, जैन नगर आदि में पीएनजी लाइन बिछाई गई है।

### जमीन खरीद-फरोख्त में 12 लाख की ठगी, केस

**मुलाना।** खेड़ा गांव में जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी हो गई। आरोपियों ने बैंक में गिरवी रखी जमीन को दोषमुक्त बताकर अमरजीत सिंह से 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गांव के ही पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव के अमरजीत सिंह ने बताया कि उनके गांव के ही सुशील कुमार और उसके बेटे राजन ने उसे अपनी 2 कनाल खेती की जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया था।

डीएवी स्कूल में बच्चों के अंदर भावनात्मक सोच विकसित करने को लेकर हुई चर्चा

# बढ़ती पेशेवर प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों में सही समझ विकसित करना जरूरी


बराड़ा। कार्यशाला में भाग लेते हुए टीचर्स। फोटो : हरिभूमि


बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में सीबीपी सीरीज सत्र 2026-27 की प्रथम कार्यशाला लाइफ स्किल्स बेसिक्स विषय पर आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विद्यालय सहित अन्य स्कूलों के करीब 80 प्रतिनिधियों (डेलिगेट्स) ने भाग लिया। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति के रूप में एमडीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, अंबाला शहर की वरिष्ठ अंग्रेजी प्रवक्ता सुदेश शर्मा तथा एसडी पब्लिक स्कूल, जगाधरी के पीजीटी फिजिक्स विक्रम वर्मा उपस्थित रहे। दोनों ही विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों के आधार पर लाइफ स्किल्स के महत्व को रोचक एवं गतिविधि-आधारित तरीकों से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में लाइफ स्किल्स का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच सकारात्मक एवं स्वस्थ वातावरण बन सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावी संवाद और तनावमुक्त कक्षा ही मजबूत शैक्षणिक आधार तैयार करती है। कार्यशाला के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया, जिससे सत्र जीवंत और सहभागितापूर्ण बना रहा।

### प्राचार्या ने दी आगे बढ़ने की प्रेरणा

विद्यालय की प्राचार्या अनुजा भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि लाइफ स्किल्स केवल कक्षा तक सीमित नहीं हैं बल्कि दैनिक जीवन में भी इनका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस दौर में बढ़ती पेशेवर प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों में भावनात्मक एवं व्यवहारिक समझ विकसित करना जरूरी है, जिससे वे सही दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने अभिभावकों को भी इन कौशलों को अपनाने की सलाह दी। प्राचार्या ने दोनों संसाधन व्यक्तियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिक्षात्मक व मनोरंजक गतिविधियों में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**बराड़ा।** गांव साहा के आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए स्कूल रेडीनेस मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीडीपीओ ईशा रानी एवं सुपरवाइजर सुजाता के मार्गदर्शन में किया गया। मेले में गांव की महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं हेल्परों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न शिक्षात्मक व मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य उन्हें स्कूल के माहौल के लिए तैयार करना था। बच्चों को खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों से जोड़ा गया, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि के साथ-साथ बुनियादी कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर सुजाता ने कहा कि ऐसे मेले बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें प्रारंभिक शिक्षा के लिए तैयार करते हैं।



बराड़ा। बैठक में भाग लेने वाले टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

## टीईटी की थोपी गई शर्त को लेकर भड़के शिक्षक, किया प्रदर्शन

- मिड डे मील में बिना एक्सपायरी डेट के सामान पर भी उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला बैठक में शिक्षकों का गुस्सा खुलकर सामने आया। 2010 से पूर्व नियुक्त अध्यापकों पर टैट (टीईटी) की शर्त थोपे जाने को लेकर संघ ने सरकार पर तीखा हमला बोला और इसे अव्यवहारिक व अन्यायपूर्ण"करार दिया। हल्का मुलाना में जिला प्रधान सरदार सतनाम सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार की कमजोर पैरवी के चलते ही यह स्थिति बनी है, जिसका खामियाजा अब वर्षों से सेवाएं दे रहे अध्यापकों को भुगतना पड़ रहा है। राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने साफ चेतावनी दी कि यदि यह फैसला वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा और अप्रैल में विधायकों को ज्ञापन देकर सरकार को घेरा जाएगा। बैठक में मिड डे मील योजना को लेकर भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए। जिला प्रेस सचिव अशोक नोहनी ने कहा कि स्कूलों में अवकाश के दिन राशन भेजकर शिक्षकों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि भेजे गए दाल और मसालों के पैकेट पर न कोई ट्रेडमार्क है और न ही एक्सपायरी डेट। इसे बच्चों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ बताया गया। जिला ऑडिटर तलविंदर काजल ने मिड डे मील की कुकिंग कॉस्ट को जमीन से कटी हुई बताते हुए तत्काल संशोधन की मांग की। प्रधान जसमत नन्हेड़ा ने विभागीय ऋण की शक्तियां निदेशालय स्तर पर केंद्रीकृत करने को शिक्षकों को दफ्तरों के चक्कर कटवाने वाला फैसला बताया।

### जताई नाराजगी

राज्य कमेटी सदस्य बृजमोहन ने जनगणना और बीएलओ ड्यूटी को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बिना किसी तालमेल के स्कूलों से बड़े पैमाने पर स्टाफ को ड्यूटी पर लगा दिया गया है, जिससे दाखिला अभियान और शैक्षणिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस बैठक में अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुदेश सैनी, लाभ सिंह, योगेंद्र चौहान, अरविंद गोयल, सज्जन कुमार, हरदेव सिंह, प्रदीप कुमार और देवानंद सहित कई पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और सभी ने एकजुट होकर संघर्ष तेज करने का ऐलान किया।

## खेलों में युवाओं का उज्ज्वल भविष्य

- पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने युवाओं को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर


शहजादपुर। प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ करते अशोक मेहता।

शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब, तंदवाल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल के मैदान में उत्साह और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मेहता ने प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अशोक मेहता ने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस दौर में युवा न केवल डॉक्टर या वकील बनकर, बल्कि खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाकर भी शानदार करियर बना सकते हैं। मेहता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उन्हें सही मंच और अवसर की तलाश है। ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देती हैं। अशोक मेहता ने सरकार से पुरजोर मांग की कि ग्रामीण अंचलों में 'खेल नर्सरियां' खोली जाएं, ताकि जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशा जा सके और वे देश-प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

### 6600 वर्गगज जमीन को लेकर फिर बढ़ा विवाद

**अंबाला।** श्री आत्मानंद जैन (एसए जैन) सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला शहर के नाम से पंजीकृत श्री संघ की करीब 6600 गज कीमती जमीन का विवाद गहरा गया है। समाजसेवी व पूर्व प्रिंसिपल नीरज बाली ने आरोप लगाया है कि स्कूल प्रबंधन समिति के कुछ सदस्यों द्वारा बिरादरी को अंधेरे में रखकर इस जमीन को बेचने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि अंबाला शहर के रतनगढ़ रोड स्थित इस जमीन को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से 5 फरवरी को श्री आत्मानंद जैन हाई स्कूल समिति का कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोबारा पंजीकरण करवाया गया है।

## मातृ स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

- अधोया में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर आरएचटीसी अधोया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह केंद्र एमएमआईएमएसआर मेडिकल कॉलेज का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव को बढ़ावा देना रहा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस प्रत्येक वर्ष 11 अप्रैल को कस्तूरबा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य गर्भावस्था, प्रसव एवं प्रसवोत्तर अवधि के दौरान महिलाओं को उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, मातृ मृत्यु दर में कमी लाना और सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक चिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कशिश ग्रोवर के मार्गदर्शन में तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कमलजीत कौर के नेतृत्व में किया गया। डॉ. मोहित शर्मा और डॉ. नुपुर ने आयोजन को सफल बनाने एवं प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## सिर्फ इंडस्ट्रियल एरिया नहीं, पूरे कैंट को चाहिए बाढ़ से सुरक्षा का कवच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि टांगरी नदी के किनारों को मजबूत करने से ही मिलेगा स्थायी समाधान

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने अंबाला कैंट में बाढ़ सुरक्षा को लेकर चल रही तैयारियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में चारों ओर बन रहे सुरक्षा कवच का हम स्वागत करते हैं लेकिन इंडस्ट्रियल एरिया के चारों ओर सुरक्षा कवच के साथ साथ पूरे कैंट खासकर टांगरी नदी के किनारे बसे रिहायशी इलाकों को भी इसी तरह की सुरक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार को यह समझना होगा कि इंडस्ट्रियल एरिया और नदी के बीच एक बड़ा रिहायशी क्षेत्र है, जहां पिछले वर्ष आई बाढ़ के दौरान हफ्तों तक पानी जमा रहा था। टांगरी के इलाके जैसे रामपुर सरसेहडी, चंदपुरा, आज़ाद नगर,नग्गल,करधान,खोजकीपुर,प्रभुप्रेम पुरम,पूजा विहार,न्यू प्रीत नगर,प्रीत नगर,इंद्रपुरी,जनकपुरी अनेकों ऐसी कॉलोनियां है जहां लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा और आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया था। यहां इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने जाने वाले लोगों के आने-जाने के रास्ते भी बाधित हो गए थे। “अगर टांगरी नदी के दोनों किनारों पर सही तरीके से बंधे बना दिए जाए और पानी को टांगरी नदी के अंदर ही नियंत्रित कर लिया जाए।

## डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर पंद्रह लाख की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया केस

### डैहर गांव के व्यक्ति से हुई ठगी, अब पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

- दबाव बनाने पर कंपनी ने 15 लाख का चेक दिया जो बैंक में बाउंस हो गया, पीड़ि ने पुलिस से न्याय की गुहर लगाई

डैहर गांव के सुभाष चंद के साथ दिल्ली की पेंट कंपनी ने 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर दी। आरोप है कि दिल्ली स्थित मैसर्स ब्राइट फेथ प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और मैनेजर ने डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर मोटी रकम ऐंठ ली लेकिन बाद में आरोपी अपनी प्रतिबद्धताओं से मुकर गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित सुभाष चंद ने डीएसपी को दी शिकायत में बताया कि कंपनी के एमडी एसएम आतिफ जमाल और मैनेजर वरुण डोगरा ने उनके बेरोजगार बेटे को व्यवसाय का सुनहरा भविष्य दिखाया। आरोपियों के झांसे में आकर पीड़ित ने श्री राम ट्रेडिंग कंपनी नाम से फर्म बनाई और फरवरी 2024 में विभिन्न किश्तों में 15 लाख रुपये कंपनी के खाते में आरटीजीएस कर दिए। इकरारनामे के मुताबिक, कंपनी को तीन माह में माल की बिक्री की गारंटी देनी थी और गोदाम के किराये का आधा हिस्सा देना था। पीड़ित ने कालाअंब रोड पर किराये का गोदाम लेकर माल रखवाया लेकिन न तो कंपनी का स्टाफ माल बेचने आया और न ही खर्चों का भुगतान किया गया। दबाव बनाने पर कंपनी ने 15 लाख का चेक दिया जो बैंक में बाउंस हो गया। आरोप है कि जब पीड़ित दिल्ली कार्यालय पहुंचा तो आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को बदमाशों के नाम पर जान से मारने की धमकी दी।




### आकाश एजुकेशन ने इंडियन आर्मी के साथ एमओयू साइन किया

**पटियाला।** आकाश एजुकेशन ने इंडियन आर्मी के जवानों और उनके परिवारों, जिनमें सेवारत जवान, सेवानिवृत्त जवान, वीरता पुरस्कार विजेता,ए दिव्यांग जवान और सेवा के दौरान शहीद हुए जवानों के परिवार शामिल हैं, के कल्याण के लिए इंडियन आर्मी के साथ एमओयू साइन किया है।गुरुवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आकाश एजुकेशन के अधिकारियों ने बताया कि इस एमओयू के तहत, आकाश एजुकेशन अपने अखिल भारतीय केंद्रों और शाखाओं में स्थित पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के इच्छुक भारतीय सेना के छात्रों को लाभ प्रदान करेगी।एमओयू पर इंडियन आर्मी के कर्नल, सेरेमोनियल एंड वेलफेयर और आकाश एजुकेशन के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड, दिल्ली-एनसीआर, डॉ यश पाल ने हस्ताक्षर किए है।एमओयू का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के जवानों और उनके परिवारों के कल्याण को बढ़ावा देना है, जिसमें देशभर में स्थित आकाश एजुकेशन केंद्रों में पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना भी शामिल है।

### आग की वजह से छह एकड़ फसल जलकर स्वाहा, मुश्किल से आग पर पाया काबू

**अंबाला।** समलेहड़ी और खारू खेड़ा गांव में दोपहर करीब तीन बजे गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते-ही देखते 5 से 6 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल और 3 एकड़ फाने जलकर नष्ट हो गए। आग इतनी भीषण थी कि चंद मिनटों में इसने कई किले फसल को आगोश में ले लिया। किसानों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी हमेशा की तरह देरी से पहुंची। दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही स्थानीय किसानों ने खुद मोर्चा संभाला और ट्रैक्टरों की मदद से खड़ी फसल को जोतकर आग के घेरे को आगे बढ़ने से रोका गया और कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया। समलेहड़ी के किसान निर्मल सिंह ने बताया कि उनकी तीन एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

अंबाला सर्कल सैनी सभा की ओर से हर साल होता है भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# ज्योतिबा फुले के जयंती समारोह में छात्रों ने जमाया रंग, सुंदर प्रस्तुतियों से मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। सैनी हाई स्कूल के छात्रों के साथ सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

अंबाला सर्कल सैनी सभा में इस बार भी महात्मा ज्योतिबा सावित्रीबाई फुले का जयंती समारोह बड़ी ही धूमधाम से बनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सैनी सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात सैनी हाई स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया सैनी अंबाला सर्कल सैनी सभा के कार्यकारिणी सदस्य जयसिंह सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर आधारित संबोधन किया। कार्यक्रम के दौरान सैनी हाई स्कूल के बच्चों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंबाला सर्कल सैनी सभा के मेंबर ओम प्रकाश सैनी सभा के प्रांगण में मरणों उपरांत अपनी बॉडी कल्पना चावला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज को दान स्वरूप भेंट करने की घोषणा की जिस पर सभा की प्रधान व पार्टर्नर मेंबरों ने 87 वर्षीय ओम प्रकाश सैनी का पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि ओमप्रकाश सैनी करीब 50 वर्षो से अंबाला सर्कल सैनी सभा को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने मरणो उपरांत अपनी बॉडी दान करने की घोषणा कर अन्य समाज को भी एक प्रेरणादायक संदेश दिया है। इस अवसर पर पार्टर्नर मेंबर सुरजीत सिंह सौंडा, पूर्ण प्रकाश सैनी, उपप्रधान मोहन लाल, शमशेर सैनी हल्द्री, स्कूल कोऑर्डिनेटर रामचंद्र सैनी, अनिल सैनी, स्वर्ण सैनी, नैब सैनी, यूथ विंग के प्रधान आशु सैनी, नरेश सैनी, दीपक सैनी, बलविंदर सैनी बहबलपुर, मनोज सैनी, बलजीत सैनी, श्रीकृष्ण सैनी, ज्ञानचंद सैनी, राज कृष्ण सैनी, अश्वनी गुप्ता, कृष्ण सैनी, गोल्डी सैनी, बिट्टू सैनी बहबलपुर भी सदस्य मौजूद रहे।

### शिलान्यास कार्यक्रम के लिए रवाना हुए लोग

**अंबाला।** अंबाला सर्कल सैनी सभा के प्रांगण से सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी के नेतृत्व में एक रैली रवाना हुई। यह कुरुक्षेत्र जिला के बाबैन बरगट रोड पर महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह के लिए रवाना हुई। इस दौरान प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट का शिलान्यास करने हेतु मुख्यमंत्री नायब नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि पहुंच रहे हैं। जिनके द्वारा शिलान्यास करने के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी के नेतृत्व में सैनी समाज के सदस्य अंबाला शहर से रवाना हुए। प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि इस शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने की है।